25TH January 2025
RAWATSAR P.G. COLLEGE
SBSAIB-2025
National Seminar on 'Sanskriti Ka Badlta Swaroop Aur AI Ki Bhumika'

"AI के सामाजिक परिणाम और चुनौतियाँ "

रामकिशोर , सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान, राजकीय महाविधालय, धरियावद (प्रतापगढ़)

शोध सारांश

भारतीय संस्कृति-

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन और गौरवशाली संस्कृति रही है भारतीय संस्कृति में विविधता के साथ एकता, उदारता,प्रेम, सहिष्णुता, सभी धर्मो, सम्प्रदायों के साथ सामंजस्यपूर्ण सहअस्तित्व और समस्त मानव जाति के कल्याण जैसी विशेषताएं इसे दुनिया की अन्य संस्कृतियों से अलग करती हैं इसी के साथ भारतीय संस्कृति प्राचीन गौरवशाली मान्यताओं और परंपरा के साथ-साथ नवीनता को भी अपनाती रही हैं।

AI का परिचय -

21वीं सदी का सबसे प्रमुख आविष्कार कृतिम बुद्धिमता (AI) है जो कंप्यूटर/रोबोटिक्स की एक शाखा के रूप में मानव की तरह सोचने, समझने, समस्या का हल करने और मानव की तरह व्यवहार करने पर आधारित है ।
AI भारतीय संस्कृति सहित मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र यथा सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिकऔर धार्मिक क्षेत्र को बहुत ही गहरे रूप में प्रभावित कर रहा है।

AI के सामाजिक प्रभाव व परिणाम-

प्रत्येक क्षेत्र को AI सकारात्मक व नकारात्मक दोनों रूपों में प्रभावित कर रहा हैं
सकारात्मक प्रभावों में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, सामाजिक योजनाओं के संदर्भ में सम्पूर्ण जानकारी और योजनाओं का लाभ लेने में, कृषि के संदर्भ में मौसम, फसल, उत्पादकता आदि में प्रयोग, रचनात्मकता और मनोरंजन के क्षेत्र में एक डिजिटल क्रांति के रूप में प्रभावित कर रहा हैं जिसके परिणाम स्वरूप सामाजिक जीवन की कठिनाइयों का बहुत ही सहज सरल तरीके से समाधान हो रहा हैं । AI ने सामाजिक सरोकारो में भाषा,लिंग,जाति, धर्म, क्षेत्र की सीमाओ को लांघकर वैश्विक समाज का ढांचा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।
नकारात्मक परिणाम व चुनौतिया - AI और डिजिटल युग की सबसे बड़ी चुनौती डाटा चोरी और गोपनियता की है। डिजिटल युग में किसी भी व्यक्ति का डाटा सुरक्षित नहीं है जिससे डीप फेक, डिजिटली अरेस्ट व धोखाधड़ी, आर्थिक हानि जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महिलाओ के साथ डिजिटल अपराध जैसी घटनाएँ बढ़ी है। AI के कारण डिजिटल युग में क्रांति आई जिससे प्रत्येक व्यक्ति अधिकतर समय स्क्रीन पर व्यतीत करने लगा जिससे सामाजिक संबंधों में दूरिया और बच्चो में गंभीर बीमारियों ने घर कर लिया।
इसी के साथ AI की वजह से नौकरी जाने का खतरा भी रहता है जिससे सामाजिक - आर्थिक क्षेत्र प्रमुख रूप से प्रभावि प्रभावित होता है।

समाधान -

चुनौतियों से निपटने के लिए प्राथमिक आवश्यकता के रूप में जागरूकता है। AI के संदर्भ में लोगो को जागरूक और प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इसी के साथ डाटा गोपनियता, सुरक्षा व पारदर्शिता पर कार्य करना चाहिए।